प्रेस नोट

दिनांक 27.11.2024

सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम सम्मानित-

अवगत कराना है कि दिनांक 18.11.2024 को थाना कोतवाली नगर, जनपद हमीरपुर में अंजली पत्नी अवधेश ने थाना उपस्थित जाकर पुलिस को सूचना दी कि उनके पति अवधेश कुमार ने आपसी पति-पत्नी के विवाद के चलते खुद को कमरे में बंद कर लिया है। दरवाजा खोलने के सभी प्रयास विफल रहे, जिससे अनहोनी की आशंका उत्पन्न हुई। सूचना पर थाना कोतवाली नगर के उप निरीक्षक दारा सिंह, आरक्षी चन्द्रवीर सिंह और महिला आरक्षी शिवानी तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस टीम ने सूझबूझ का परिचय देते हुए रोशनदान और दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। अवधेश को साड़ी से बने फांसी के फंदे से उतारकर तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों द्वारा त्वरित उपचार के परिणामस्वरूप अवधेश कुमार लगभग 1-2 दिनों में होश में आए। उपचार के बाद उन्हें पूर्ण स्वस्थ घोषित किया गया।

इसी क्रम में थाना पुलिस टीम ने दोनों पति-पत्नी की काउंसलिंग की और उन्हें जीवन के महत्व के बारे में समझाया। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। इस मानवीय और तत्पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों ने पुलिस टीम की सराहना की।

आज दिनांक 27.11.2024 को पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर, ने उप निरीक्षक दारा सिंह, आरक्षी चन्द्रवीर सिंह और महिला आरक्षी शिवानी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी तरह निष्ठापूर्वक कार्य करने की प्रेरणा दी।